Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 23-12-2005

Participants : Chauhan Shri Nihal Chand

>

Title : Need to provide compensation to the farmers whose lands have been acquired by Air Force in Hanumangarh district, Rajasthan.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में मेरे लोक सभा क्षेत्र श्री गंगानगर के हनुमानगढ़ जिले के रावतसर तहसील की 47 एकड़ भूमि 1995 में वायुसेना ने अधिग्रहण की थी तब से लेकर अब तक सेना वहां ि वकास का कोई भी कार्य नहीं करने देती है। किसानों की भूमि पर कोई मकान तक नहीं बना सकता। सरकार ने भूमि अधिग्रहण करने के बाद ऐवार्ड भी कर दिया। कुल भूमि का एवार्ड केन्द्र सरकार ने 1 अरब 59 करोड की अनुमानित लागत कर बजट भी बनाया, परन्तु अभी तक मुआवजा जारी नहीं किया।

मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि किसानों की जमीन का मुआवजा तुरंत जारी करें अन्यथ किसानों को जमीन वापस लौटायी जाये। पूरा का पूरा किसाना बरबाद हो गया , वहां पर किसानों को खाने का अन्न पैदा भी नहीं होता। इसलिए किसान दयनीय स्थिति में है।

मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा तुरंत जारी करे ताकि किसान परेशान न हो।